# आप आए नहीं और सुबह हो गई भजन लिरिक्स

आप आए नहीं और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई,
भोग रखा रहा फूल मुरझा गए,
आरती भी धरी की धरी रह गई,
आप आए नही और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई।bd।

---

हमसे रूठे हो क्यों आप आते नहीं,
मेरा अपराध क्या है बताते नहीं,
रोते रोते मेरी सांसे रुकने लगी,
क्या बुलाने में मेरी कमी रह गई,
आप आए नही और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई।bd।

---

ज्ञान भी हो गया ध्यान भी हो गया,
फिर भी दर्शन की आशा धरी रह गई,
इतना होते हुए मैं समझ ना सकी,
कौनसी भावना में कमी रह गई,
आप आए नही और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई।bd।

---

आप आए नहीं और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई,
भोग रखा रहा फूल मुरझा गए,
आरती भी धरी की धरी रह गई,
आप आए नही और सुबह हो गई,
मेरी पूजा की थाली धरी रह गई।bd।

**Bhajan By – Baal Gopal YT Channel**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com